# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 359/10 /एके0/MSU/2023–24 दिनांकः 06.06.2023

**राजभवन संदर्भ/समयबद्ध**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
सहारनपुर।

विषय –दिनांक : 21 जून–2023 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2023 मनाये जाने हेतु तैयारियों की समीक्षा हेतु गूगल फार्म पर सूचना प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ई–3358/32–जी0एस0/2023, दिनांक : 05 जून, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिनांक : 21 जून–2023 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2023 मनाये जाने हेतु तैयारियों की समीक्षा हेतु माननीय कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दिनांक : 12.06.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे आहूत ऑनलाइन बैठक में सम्पूर्ण कार्यक्रम की कार्ययोजना सहित प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त बैठक में सम्पूर्ण कार्यक्रम की कार्ययोजना सहित प्रतिभाग करने हेतु दिनांक : 08.06.2023 तक महाविद्यालयों में अध्ययनरत् शतप्रतिशत छात्र–छात्राओं व शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित उनके परिवारीजनों एवं अन्य स्थानीय गणमान्य नागरिकों/जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये महाविद्यालयवार कार्यक्रम में कुल प्रतिभागियों की स्पष्ट संख्या, मुख्य अतिथि, योगाचार्य आदि का समुचित विवरण निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।

अतः सभी महाविद्यालयों से अपेक्षित है कि कृपया निर्धारित गूगल फार्म पर प्रत्येक दशा में दिनांक : 07.06.2023 तक अनिवार्यताः अपेक्षित सूचनाऐं उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे की सूचना संकलित कर राजभवन यथासमय प्रेषित की जा सके।

**Google Form Link:**
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSd65lILwEZHa4CUjcV-jIjxhJp4VVTkc62Q245W08ILc2L6C7g/viewform?usp=sf_link

भवदीय,
06/06/23
कुलसचिव

संलग्नक – गूगल लिंक।

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव